Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 85 रायपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के नाम पर 77.6 लाख की ठगी, छत्तीसगढ़-कर्नाटक तक फैला गिरोह

**रायपुर,** 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ और बंगलूरू के दो लोगों से नवी मुंबई के एक मेडिकल कॉलेज में प्रबंधन कोटे के तहत पीजी कोर्स की सीटें दिलाने के नाम पर कथित तौर पर 77.61 लाख रुपये ठगे गए। नवी मुंबई के नेरुल पुलिस ने इस संबंध में छह लोगों के खिलाफ दो मामले दर्ज किए हैं।

सूत्रों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के 59 वर्षीय एक व्यक्ति ने पुलिस में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया कि छह आरोपियों ने उसकी बेटी को नेरुल स्थित एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में जनरल सर्जरी कोर्स में स्नातकोत्तर सीट दिलाने का वादा किया था। मई 2022 से दिसंबर 2023 के बीच आरोपियों ने कथित तौर पर उससे 1.27 करोड़ रुपये ठगे।

नेरुल पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बाद में व्यक्ति को पता चला कि प्रवेश की पुष्टि का संदेश, ज्वाइनिंग लेटर और कॉलेज के दस्तावेज समेत सबकुछ फर्जी थे। जब शिकायतकर्ता ने कॉलेज में दाखिले के बारे में पूछताछ की तो आरोपी ने 85 लाख रुपये लौटा दिए, लेकिन बाकी 42 लाख रुपये वापस नहीं किए। बची राशि वसूल करने में पीड़ित को समस्या हुई तो उसने पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने कहा कि आरोपी ने प्रवेश पत्र जारी करने के लिए जाली कॉलेज लेटरहेड का भी इस्तेमाल किया। शिकायतकर्ता को फर्जी आधिकारिक संचार के साथ गुमराह भी किया गया। यह एक सुनियोजित साजिश का मामला लगता है। इधर पुलिस ने छह आरोपियों में से तीन से जुड़े एक और ऐसे ही मामले का खुलासा किया है। इसमें बंगलूरू के पनाथुर के 54 वर्षीय व्यक्ति ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसके भतीजे को एमडी एनेस्थीसिया कोर्स के लिए उसी मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाने का वादा करके उससे 35.61 लाख रुपये ठग लिए। अधिकारी ने बताया कि दूसरे मामले में भी धोखाधड़ी मई 2022 और दिसंबर 2023 के बीच की गई। आरोपी ने शुरू में 50 लाख रुपये लिए, लेकिन केवल 4.39 लाख रुपये वापस किए और फिर पीड़ित के बार-बार कॉल और संदेशों का जवाब देना बंद कर दिया। उन्होंने बताया कि बंगलूरू के शिकायतकर्ता को फर्जी दस्तावेज भी दिए गए, जिसमें कथित तौर पर मेडिकल काउंसलिंग कमेटी से प्राप्त प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर, जाली यूनिवर्सिटी लेटर, फीस स्ट्रक्चर, जॉइनिंग लेटर और रसीद शामिल थी। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या और लोग भी इसी तरह के घोटाले के शिकार हुए हैं?

## 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे मई के पहले सप्ताह में घोषित होंगे

**रायपुर,** 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा संचालित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे मई के पहले सप्ताह में घोषित होंगे. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा हो चुका है. 10वीं एवं 12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रदेश के 36 केन्द्रों में किया गया.




मं द्वारा मूल्यांकन दो चरणों में कराया गया. दूसरे चरण का मूल्यांकन पूरा करने के लिए 18 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई थी. माशिमं की अध्यक्ष रेणु जी. पिल्ले एवं सचिव पुष्पा साहू द्वारा रोजाना सभी जिले से मूल्यांकन की स्थिति की जानकारी ली गई. जिस केन्द्र में मूल्यांकन की रफ्तार धीमी थी, वहां वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर तेजी लाने की व्यवस्था की गई. मूल्यांकन के पूर्व ही समस्त मूल्यांकन केन्द्र के प्रभारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसके अनुसार ही मूल्यांकन कराया गया.

इस बार मूल्यांकनकर्ताओं की संख्या बढ़ाई गई ताकि न केवल मूल्यांकन समय पर पूरा हो सके, बल्कि किसी मूल्यांकनकर्ता के अनुपस्थित रहने पर भी संबंधित विषयका मूल्यांकन कार्य प्रभावित न हो. प्राप्त जानकारी के अनुसार माशिमं मई के पहले सप्ताह में दोनों परीक्षाओं के नतीजे एक साथ घोषित करने की तैयारियों में जुटा हुआ है. मूल्यांकन के तत्काल बाद नतीजे तैयार करने का काम तेजी से हो रहा है. पिछले साल 9 मई को आए थे नतीजे -माशिमं द्वारा पिछले साल 9 मई को दोनों कक्षाओं के नतीजे जारी किए गए थे. कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 75.61 फीसदी था. वहीं 12वीं में 80.74 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे. इस बार 9 मई के पहले नतीजे घोषित किए जाने की संभावना है. हर साल की तरह दोनों कक्षाओं की अस्थायी प्रावीण्य सूचीभी जारी की जाएगी.

### मूल्यांकन कार्य पूरा

### पिछले साल के मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना की राशि अब तक नहीं मिले

गत वर्ष 2024-25 में मेरिट में आए विद्यार्थियों को अब तक प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त नहीं हुए हैं. प्रोत्साहन योजना के नामकरण में देरी के चलते सम्मान समारोह अटका रहा. अब राज्य शासन ने स्वामी आत्मानंद मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के नाम पं. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर कर दिया है. उम्मीद है कि शीघ्र ही पिछले साल के टॉपरों का सम्मान समारोह आयोजित होगा. गत वर्ष कक्षा 10वीं में रिकॉर्ड 73 और कक्षा 12वीं में 23 विद्यार्थी टॉप टेन में आए थे. मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत प्रत्येक टॉपर को डेढ़ लाख रुपए की नगद राशि से सम्मानित किया जाता है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में तीन लोगों की मौत, करीब 40 घर क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रातभर हुई भारी बारिश के कारण अलग-अलग जगहों पर अचानक बाढ़ आ गई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस आपदा ने इलाकों में भूस्खलन और ओलावृष्टि भी की, जिससे बुनियादी ढांचे और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीम ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है और नागरिकों से सावधानी बरतने की अपील की है। रामबन जिले में भारी बारिश और ओलावृष्टि के बाद भूस्खलन के कारण कई इमारतें और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सामने आई जानकारी के अनुसार, आपदा में दस घर पूरी तरह से नष्ट हो गए, जबकि 40 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस और जिला प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र में फंसे करीब 90 से 100 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

### पूर्व विस अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ल की मौत के मामले में अपोलो के फर्जी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर

**बिलासपुर,** 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)। अपोलो अस्पताल में 2006 में इलाज के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पं. राजेन्द्र शुक्ल की मौत हो गई थी. अब मामले में फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम के खिलाफ सरकण्डा थाने में धारा 420, 465, 466, 468, 471, 304, 34 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है. बता दें कि दमोह के मिशन अस्पताल में हार्ट सर्जरी के बाद सात मरीजों की मौत के मामले में खुद को कार्डियोलॉजिस्ट बताने वाले फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जॉन केम के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया गया है. कथित डॉक्टर की वजह से अपोलो अस्पताल में भी 7ङ्क8 मरीजों की जान गई थी, जिनमें दिग्गज कांग्रेस नेता राजेंद्र प्रसाद शुक्ल भी शामिल थे. करीब 32 साल तक विधायक छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ल द्घड्ढ 20 अगस्त 2006 को तबीयत बिगड़ने पर अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था. ऑपरेशन के दौरान उनकी मौत हो गई. उनका ऑपरेशन भी कथित डॉक्टर नरेंद्र ने किया था.

## बंगलूरू एयरपोर्ट पर खड़े विमान से टकराई बस

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (न्यूज चैनल)। बंगलूरू एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस के एक खड़े विमान से मिनी बस टकरा गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। जिस विमान से मिनी बस टकराई, वह संचालन में नहीं था। घटना शुक्रवार दोपहर की है। इंडिगो एयरलाइंस ने बंगलूरू एयरपोर्ट पर हुई घटना को लेकर बयान जारी किया है, जिसमें कहा है कि %हमें बंगलूरू एयरपोर्ट पर एक पार्क किए गए इंडिगो विमान और एक थर्ड पार्टी ग्राउंड वाहन से जुड़ी घटना की जानकारी है। जांच जारी है और आवश्यकतानुसार सभी आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाएगी।%

## कपड़ा बाजार लगाने हेतु तिरपाल बांधने के दौरान करंट की चपेट में आया व्यापारी

**धमतरी,** 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)। हर सप्ताह की तरह इतवारी बाजार में आज रविवार को सप्ताहिक बाजार लगा। जहां हर सप्ताह की भांति फुटकर व्यापारी बाजार करने पहुंचे थे। इनमें से एक कपड़ा व्यापारी को करंट लग गया। जिससे तत्काल उसे उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया।



मिली जानकारी के अनुसार जालमपुर निवासी गोपी देवांगन कपड़ा बाजार लगाने तिरपाल बांध रहा था। इस दौरान अचानक ट्रांफार्मर से लगे पर्दे में लोहे के एंगल में करंट आ गई। जिससे कपड़ा व्यापारी ट्रांसफार्मर के खंभे में चिपक गया। जब ट्रांसफार्मर में बम फूटने जैसी आवाज आई। और वह कपड़ा व्यापारी सीधे पर्दे से नीचे गिर गया। इसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद भी आसपास में करंट फैला हुआ था जिससे कुछ व्यापारी घायल के पास जाने से कतरा रहे थे। तभी बिजली विभाग को भी सूचना दी गई तब विद्युत सप्लाई बंद हो पाया। सूचना पर रक्तदान एंबुलेंस सेवा संस्था द्वारा घायल व्यापारी को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद बाजार में हड़कंप मच गया और कई व्यापारी सहमे नजर आए।

## 12 लाख की हेरोइन चिट्टा सहित 2 पकड़े गए

**दुर्ग,** 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)। थाना मोहन नगर एवं एसीसीयू की संयुक्त कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो युवकों से १२ लाख रुपए का हेरोइन चिट्टा बरामद किया है। आरोपी पंजाब से छत्तीसगढ़ आकर लंबे समय से नशे का सामान बेचने का काम कर रहा था। आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर घेरबंदी कर पकड़ा गया।



आरोपियों से कुल १५० ग्राम चिट्टा(हेरोइन) कीमती करीब १२,००,००० रूपये एवं बिक्री की नगदी रकम ५३,१५० रूपये एवं तीन नग मोबाईल ज4त की गई है। आरोपियों के विरूद्ध नारकोटि1स ए1ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस कंट्रोल रूम से1टर-६ में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एएसपी सुखनंदन सिंह राठौर ने कहा कि दिनांक १८.०४.२०२५ को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कृषि उपज मंडी सिकोला भाठा दुर्ग में दो व्यक्ति चिट्टा हेरोइन बेच रहे है। सूचना पर घटना स्थल कृषि उपज मंडी सिकोला भाठा में दो व्यक्ति को चिट्टा (हेरोइन) बिक्री करते पकड़ा गया।

## कुएं से पानी निकालते गिरी भांजी, शोक में शामिल होने पहुंचे मामा की तालाब में डूबने से मौत

**बालोद,** 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)। भांजी की मौत के बाद शोक में शामिल होने पहुंचे मामा की भी तालाब में डूबने से मौत हो गई. ये पूरी घटना बालोद की है. जहां अब मामा भांजी की मौत का मातम पसरा है.

बता दें, 16 अप्रैल को भांजी यानी योगिता साहू (12वर्ष) की मौत हो गई थी. वह अपने घर की बाड़ी के कुएं से पानी निकाल रही थी. इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वो कुएं में गिर गई. आस-पास के लोगों ने मासूम को बचाने की कोशिश की लेकिन तब तक देर हो चुकी थी. इसके बाद भांजी के घर शोक मनाने के लिए पहुंचे मामा की भी मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, मामा तोमेश्वर साहू (30 वर्ष), ग्राम- कठिया के रहने वाले थे. परिजनों के मुताबिक वह अपनी भांजी की मौत के बाद 13 दिन तक चलने वाले शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुंडरदेही के खल्लारी गांव पहुंचे थे. इसी दौरान रविवार सुबह जब वे नहावन के लिए तालाब में उतरे, तो वहां डूबने से उनकी मौत हो गई. फिलहाल गुंडरदेही पुलिस ने मर्ग कायम कर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है.

## बहू की हरकत से परिवार की हो रही थी बदनामी, जेठ ने ही मार डाला


**बालोद,** 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)। जिले में 13 अप्रैल रविवार को हुई महिला की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले महिला के जेठ को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जेठ ने चरित्र शंका के चलते महिला को मौत के घाट उतारा था। आरोपी युवक ने 13 अप्रैल 2025 की रात बहू को सिर पटक-पटककर मार डाला। मृतका की पहचान रामबती साहू के रूप में हुई है। आरोपी ने टीवी पर मूवी में देखा कि पारिवारिक विवाद बातचीत से सुलझाए जा सकते हैं। उसने रामबती से बात करने की कोशिश की, लेकिन विवाद बढ़ने पर गुस्से में उसे बार-बार जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई৳




घटना के समय महिला घर में अकेली थी। आधी रात को जब मृतका की बेटी और परिवार वापस लौटे तो खून से लथपथ लाश देखकर चौंक गए। 14 अप्रैल को सुबह पति ने थाने में सूचना दी। पुलिस को शुरू से परिवार वालों पर शक था। पूछताछ में उसका जेठ विजय बार-बार बयान बदल रहा था, लेकिन पुलिस के दबाव में उसने जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसने साक्ष्य छिपाने के लिए कपड़े, चप्पल और हाथ-पैर धोए और परिवार के आने पर नाटक किया।

## हाईकोर्ट अधिवक्ता जीतेन्द्र नाथ नंदे और धीरज वानखेड़े नेशनल मेडिकल कमीशन के स्टैंडिंग काउंसिल नियुक्त

**रायपुर,** 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)। हाई कोर्ट अधिवक्ता जीतेंद्र नाथ नंदे और धीरज वानखेड़े को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (नेशनल मेडिकल कमीशन) ने स्टेंडिंग काउंसिल नियुक्त किया है. दोनों अधिवक्ता उच्च न्यायालय के समक्ष आयोग के हितों का प्रतिनिधित्व करने और बचाव करेंगे. यह नियुक्ति तीन सालों के लिए की गई है. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की ओर से जारी पत्र में बताया गया कि नियुक्ति की अवधि प्रदर्शन के आधार पर और सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर बढ़ाई या घटाई जा सकती है. वहीं पत्र प्राप्ति के सात दिनों के भीतर प्रस्ताव को स्वीकार करने की पुष्टि करने कहा गया है. इस अवधि के भीतर प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होने पर प्रस्ताव स्वमेव वापस ले लिया जाएगा.



## जिले में विचरण कर रहे कई दंतैल हाथी, वन विभाग ने किया अलर्ट जारी

**धमतरी,** 20 अप्रैल (हाईवे चैनल)। धमतरी जिले में फिर से दंतैल हाथी फिर से विचरण कर रहे है। कहीं खेतो में तो कहीं सड़क पर हाथी चहलकदमी कर रहे है।





मिली जानकारी के अनुसार जिले के नगरी व धमतरी ब्लाक में 6 हाथी विचरण कर रहे है। जिनमें 4 हाथी दुगली परिक्षेत्र में 2 हाथ धमतरी परिक्षेत्र में है। वहीं भारत माला प्रोजेक्ट के तहत कोटरवाही के पास बीच सड़क पर एक दंतैल हाथी विचरण करते नजर आया है।

बता दे कि शनिवार की सुबह कक्ष क्रमांक 42, 43 में एमआई 2, एमआई 3 हाथी को विचरण करते देखा गया है। हाथियों द्वारा अभी तक किसी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया गया लेकिन फसलों को रौंदा जा रहा है। हाथियों के विचरण को देखते हुए आसपास के 15 गांवो में अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र में विचरण करने और

### पहुंचा रहे फसलों को नुकसान

किसानों के फसल को नुकसान पहुंचाने के बाद दोनों हाथी गुरुवार की सुबह भारतमाला रोड को पार कर केरेगांव रेंज के जंगल में पहुंच गए। दोनो दंतैल हाथियों को छुही जंगल के कक्ष क्रमांक 142,143 में विचरण करते देखा गया। वर्तमान में धान के फसल में बालियां आ चुकी है, ऐसे में दंतैल हाथियों के पहुंचने से क्षेत्र के किसान काफी चिंतित है। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग द्वारा ग्राम पीपरछेड़ी छुही, साल्हेभाट, सिरौद, सलोनी, बनबगौद, बरबांधा, बासीखाई, झुरातराई, कोटरवाही सहित आसपास के गांव में अलर्ट जारी कर ग्रामीणों को सतर्क रहने कहा गया है।

## संसद में प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करने का सुझाव

**नई दिल्ली,** 20 अप्रैल (न्यूज चैनल)। संसद की कार्यवाही को लेकर एक नई किताब सामने आई है। इस किताब में सुझाव दिया गया है कि संसद में बहस के प्रारूप में व्यापक बदलाव और नवाचार की जरूरत है। किताब में कहा गया है कि नेताओं की बार-बार की जाने वाली बयानबाजी के बजाय लोगों की आकांक्षाओं को संसद में बेहतर ढंग से पेश करने और लोगों की समस्याओं के समाधान पर फोकस करने की जरूरत है। किताब में साल में कम से कम 100 दिन संसद की कार्यवाही चलाने और कार्यपालिका को और जवाबदेह बनाने के लिए प्रधानमंत्री प्रश्नकाल शुरू करने का भी सुझाव दिया गया है।



### साल में कम से कम 100 दिन सदन चलाने की भी मांग

लोकसभा सचिवालय में पूर्व अतिरिक्त सचिव रहे देवेंद्र सिंह द्वारा लिखित किताब द इंडियन पार्लियामेंट- संविधान सदन टू संसद भवन में बताया गया है, प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से भारतीय संसदीय इतिहास में एक नए युग की शुरुआत होगी। इसमें कहा गया है कि सप्ताह में एक बार प्रधानमंत्री के प्रश्नकाल की शुरुआत से संसद सदस्यों को अहम मुद्दे उठाने का मौका मिलेगा और प्रधानमंत्री को सरकार की नीतियों को समझाने और आलोचनाओं का सीधे जवाब देने का मौका मिलेगा। किताब में कहा गया है, प्रधानमंत्री प्रश्नकाल की शुरूआत से विपक्ष के आरोपों पर जवाब देने और संसद की कार्यवाही को बार-बार बाधित करने की प्रवृत्ति को रोकने में बहुत मदद मिल सकती है।किताब में कहा गया है कि संसद की कार्यवाही के बारे में जनता के मन में निराशा और अविश्वास कुछ सदस्यों के अनुचित दिखावे और लगातार अवरोध पैदा करने और अनैतिक आचरण का परिणाम है। संसद की कार्यवाही और प्रक्रिया के प्रारूप में बदलाव करने और नवाचार करने की जरूरत है। संसद की कार्यवाही में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल करने लिए किताब में साइबर इंटरफेस की भी मांग की गई है। बहस और चर्चा के सर्वोच्च मंच के रूप में, संसद को साल में कम से कम 100 दिन मिलना चाहिए और मजबूती से काम करना चाहिए।